# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या पी०आर०–209/2023

**समिति के विभिन्न पदों हेतु सेवानिवृत्त (Retired) पदाधिकारी/गैर सरकारी/निजी संस्थान में कार्यरत (Working) पदाधिकारी एवं प्रतिष्ठित निजी संस्थान/कंपनी में कार्यरत IT/Computer प्रक्षेत्र के ENGINEERS/PROFESSIONALS के लिए वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-interview) की सूचना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना में निम्नलिखित पदों पर अनुभवी गैर सरकारी/निजी संस्थान में कार्यरत/सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों की संविदा आधारित नियोजन हेतु दिनांक **04.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** से समिति मुख्यालय, सिन्हा लाइब्रेरी रोड, पटना–800017 में Walk-in-Interview आयोजित किया जाता है :–

| क्र० स० | पद का नाम | कुल रिक्ति एवं आरक्षण कोटि | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्त पदाधिकारी | 01-U/R | बिहार वित्त सेवा/अन्य राज्य के वित्त सेवा के सेवानिवृत्त अथवा कार्यरत पदाधिकारी।<br>**अथवा**<br>केन्द्र/राज्य सरकार अथवा केन्द्र/राज्य सरकार के किसी लोक उपक्रम/कंपनी से सेवानिवृत्त अथवा कार्यरत पदाधिकारी, जिन्हें लेखा/वित्त के प्रक्षेत्र में कार्यानुभव हो। | सेवारत (Working) पदाधिकारी के मामले में उनके अपने पैतृक विभाग में प्राप्त अंतिम वेतन के आधार पर वेतन का भुगतान किया जायेगा।<br>सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 10000, दिनांक 10.07.2015 के आलोक में मानदेय का निर्धारण किया जाएगा। |
| 2 | उप सचिव | 01-EWS<br>01-EBC (F) | राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के संस्थान के सेवानिवृत्त (Retired) पदाधिकारी<br>**अथवा**<br>केन्द्र अथवा राज्य सरकार की परीक्षा समिति (Examination Board) के सेवारत (Working) पदाधिकारी (प्रतिनियुक्ति द्वारा) अथवा सेवानिवृत (Retired) पदाधिकारी।<br>**अथवा**<br>किसी गैर सरकारी संस्थान/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में 12 वर्षों का कार्यानुभव।<br>शैक्षणिक योग्यता– किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण। | सेवानिवृत्त **(Retired)** पदाधिकारियों के मामले में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 10000, दिनांक 10.07.2015 के आलोक में मानदेय का निर्धारण किया जाएगा।<br>इस पद हेतु **70,000/– रुपये** (गैर सरकारी (PRIVATE) अभ्यर्थी के लिए) मानदेय के रूप में प्रतिमाह एकमुश्त राशि देय होगा। |
| 3 | सहायक सचिव | 01-U/R<br>01-BC | किसी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा किसी राज्य सरकार से अथवा राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के किसी संस्थान के सेवानिवृत्त (Retired) पदाधिकारी<br>**अथवा**<br>केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार की परीक्षा समिति (Examination Board) के सेवारत (Working) पदाधिकारी (प्रतिनियुक्ति द्वारा) अथवा सेवानिवृत (Retired) पदाधिकारी।<br>**अथवा**<br>किसी गैर सरकारी संस्थान/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में 08 वर्षों का कार्यानुभव।<br>शैक्षणिक योग्यता– किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण। | सेवानिवृत्त **(Retired)** पदाधिकारियों के मामले में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 10000, दिनांक 10.07.2015 के आलोक में मानदेय का निर्धारण किया जाएगा।<br>सहायक सचिव पद हेतु मानदेय के रूप में 55,000/– रू0 प्रतिमाह एकमुश्त राशि देय होगा। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | उप निदेशक, आई०टी० (OFSS) | 1-U/R | (i) एम०ई० (Computer Science/IT)/एम०टेक० (Computer Science/IT) **एवं** केन्द्र एवं राज्य सरकार में **अथवा** उसके नियंत्रणाधीन शासकीय/अर्द्ध–शासकीय संस्थानों/प्रतिष्ठित निजी संस्थान/कम्पनी में कम्प्युटर/आई०टी० प्रक्षेत्र में न्यूनतम 6 वर्षों का कार्यानुभव।<br>**अथवा**<br>बी०ई०(Computer Science/IT)/बी०टेक० (Computer Science/IT)/एम०सी०ए० **एवं** केन्द्र एवं राज्य सरकार में **अथवा** उसके नियंत्रणाधीन शासकीय/अर्द्ध–शासकीय संस्थानों/प्रतिष्ठित निजी संस्थान/कम्पनी में कम्प्युटर/आई०टी० प्रक्षेत्र में न्यूनतम 8 वर्षों का कार्यानुभव।<br>(ii) **वांछनीय किन्तु अनिवार्य नहीं** (Desirable but not compulsory):–Project Management में Advance Certificate or Diploma. | मानदेय के रूप में **80,000/– रू0** प्रतिमाह एकमुश्त राशि देय होगा। |
| 5 | एम०आई०एस० विशेषज्ञ (ERP) | 1-U/R | (i) **शैक्षणिक योग्यता**– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से B.Tech/B.E in Computer Science अथवा एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 (आई0टी0)<br>(ii) **अनुभव**– केन्द्र/ राज्य सरकार में **अथवा** उसके नियंत्रणाधीन शासकीय/अर्द्ध–शासकीय संस्थानों/ प्रतिष्ठित निजी संस्थान/कम्पनी में कम्प्युटर/आई०टी० प्रक्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्षों का डाटा प्रोसेसिंग, एम०आई०एस० मॉनिटिरिंग एवं डाटा/बिजनस एनालिसिस का अनुभव। | मानदेय के रूप में 5**5,000/– रू0** प्रतिमाह एकमुश्त राशि देय होगा। |

2. उपर्युक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन के संबंध में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मुख्यालय, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना–800017 में **दिनांक 04.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** से वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) में अपना बायो–डाटा/आवेदन पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की मूल एवं स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे, जहाँ उनका इन्टरव्यू प्रत्यक्ष/वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से किया जायेगा।

**3. संविदा पर नियोजन हेतु आवश्यक शर्तेः–**

(i) सेवानिवृत्त (Retired) पदाधिकारी/गैर सरकारी/निजी संस्थान में कार्यरत (Working) अभ्यार्थियों के लिए प्रथम बार अनुबंध की अवधि ग्यारह माह की होगी। तत्पश्चात् संतोषप्रद सेवा होने पर एवं आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जायेगा।

(ii) सेवानिवृत (Retired) अभ्यर्थियों के लिए नियोजन हेतु अधिकतम उम्र 65 वर्ष होगी।

(iii) गैर सरकारी/निजी संस्थान में कार्यरत (Working) अभ्यर्थियों के लिए संविदा पर नियोजन हेतु अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष होगी।

**4.** वित्त पदाधिकारी, उप सचिव एवं उप निदेशक आई०टी० (OFSS) को सामान्यतः कार्यालय आने–जाने के लिए वाहन की सुविधा दी जायेगी, किन्तु यह अनिवार्य नहीं है।

5. उपरोक्त सभी पदों के लिए मानदेय के अतिरिक्त प्रत्येक छः (06) महीने की सेवा अवधि पूर्ण करने के पश्चात 15 (पन्द्रह) दिनों के पारिश्रमिक के समतुल्य विशेष मानदेय देय होगा।

6. आवेदन पत्र का प्रारूप, अनुभव, अर्हता एवं अन्य जानकारियाँ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के विभागीय वेबसाइट http://biharboardonline.bihar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**7. नोट– Walk-in-Interview में प्रवेश का समय 11:00 बजे तक निर्धारित है, इसके बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

**सचिव**

ज्ञापांकः स्था०प्रे०–......................./पटना, दिनांक–......................../2023

**प्रतिलिपि** : जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**सचिव**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदित पद का नाम | |
| 2 | अभ्यर्थी का नाम | |
| 3 | जन्म तिथि | |
| 4 | आरक्षण कोटि | |
| 5 | पिता／पति का नाम | |
| 6 | मोबाइल नं0 और ई–मेल आई0डी0 | |
| 7 | वर्तमान पता | |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता | |
| 9 | अनुभव | |
| 10 | सेवानिवृत के समय, जहाँ कार्यरत थे **या** वर्तमान में जहाँ कार्यरत है, उस विभाग का नाम, पदनाम एवं सेवा संवर्ग | |

नोट– अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र स्वहस्तलिखित रूप में दें।

**अभ्यर्थी का हस्ताक्षर**